# रखना सुहागन बाके बिहारी | By Hari Sharma

रखना सुहागन बाके बिहारी.
चरणों में तेरे ये है अर्जी हमारी,

बिंदियां सिन्दूर मेरा चमके हमेशा,
हाथो का कंगना चूड़ी खनके हमेशा,
रहमत हमेशा हमपे रखना तुम्हारी,
रखना सुहागन ..............

मेरा सुहाग ही तो ताज है मेरा,
इनसे ही घर में कान्हा राज है मेरा,
इनके बिना न कोई हस्ती हमारी,
रखना सुहागन ..............

आंच कभी भी इनपेआने ना देना,
बदले में चाहे मेरी जान तू लेना,
जन्मो का बंधन जोड़े रखना बिहारी,
रखना सुहागन ..............

मनङे की बात मैंने सारी बताई,
कांधे पे इनके मेरी करना विदाई,
ख्वाहिश हरी तुम पूरी करना हमारी,
रखना सुहागन ..............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%96%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a4%a8-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-by-hari-sharma/